# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

## 10 मार्च, 2022

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 20**

----

### कैमरे को चालू कबतक

***20 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद शहर में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि शहर के सारे सी.सी.टी.वी. कैमरे वर्षों से खराब पड़े हुए हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सी.सी.टी.वी. कैमरा खराब होने के कारण विधि-व्यवस्था के संचालन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है जिससे कई प्रकार के आपराधिक मामले सुलझ नहीं पाते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जहानाबाद शहर में लगे हुए सी.सी.टी.वी. कैमरे को अविलम्ब चालू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### राशि का भुगतान

***26 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जरूरी खर्च के लिए थानों में दी जाने वाली आत्मनिर्भर राशि के लिए थाना को परेशानी का सामना करना पड़ता था;

(ख) क्या यह सही है कि आत्मनिर्भर राशि के लिए पैरेंट एंड चाइल्ड अकाउंट के तौर पर सभी थानों का नया बैंक खाता HDFC बैंक में खोला जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि सभी थाना का खाता सीधे जिले के एसपी के सरकारी खाते से जुड़ा होगा;

(घ) क्या यह सही है कि भुगतान का खर्च संबंधित ब्योरा 'एप' पर अपलोड किया जाना है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि आत्मनिर्भर राशि के भुगतान हेतु 'एप' बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बाल विवाह को रोकने पर विचार

***123 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर, बांका, पूर्णियां, सहरसा, अररिया, कटिहार, किशनगंज, लखीसराय, पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी में 18 वर्ष की उम्र से पहले बेटियों की शादी कर देने का चलन बढ़ता जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि कम उम्र में शादी से बेटियों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उल्लिखित जिलों में बाल विवाह को रोकने हेतु क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है, यदि हां तो उस योजना का स्वरूप क्या है ?

----

## गिरफ्तारी कबतक

***124 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि 05.12.2021 को राजेश कुमार, पिता- चमारी प्रसाद की हत्या नालंदा जिला के एकंगरसराय थाना के बेलदरिया पर मोड़ से आगे तालाब के किनारे कर दी गई;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. राजेश कुमार के पिता- चमारी प्रसाद द्वारा एकंगरसराय थाना मे एफ.आई.आर. दर्ज की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि स्व. राजेश कुमार की पत्नी ने डी.एस.पी. को लिखित बयान भी दर्ज कराई है, परंतु अभी तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि स्व. राजेश कुमार, पिता-चमारी प्रसाद की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पाई है और आरोपियों की गिरफ्तारी कबतक की जायेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवास भत्ता कबतक

*125 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक)ः**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि केन्द्रीय कर्मचारियों को शहरों के वर्गीकरण x,y,z, के आधार पर y श्रेणी के शहरों के कर्मचारियों के लिए 18% आवास भत्ता का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 1999 ई. में राज्य सरकार ने यह नीतिगत निर्णय लिया था कि केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति देय सुविधाएं राज्य सरकार के कर्मचारियों को दी जाएगी;

(ग) क्या यह सही है कि अभी भी जहां एक ही शहर में रहने वाले केन्द्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2021 से 25% से महंगाई भत्ता बढ़ जाने के बाद 18% आवास भत्ता का प्रावधान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के कर्मचारियों को मात्र 16% आवास भत्ता प्राप्त हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार, केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी y श्रेणी के शहरों में रहने में 16% के स्थान पर 18% आवास भत्ता का प्रावधान जुलाई 2021 से करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई कबतक

*126 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के जेलों में विगत दो वर्षों में क्षमता से लगभग 20,000 कैदी ज्यादा हैं;

(ख) क्या यह सही है कि दिसम्बर, 2020 में मात्र 51154 कैदी थे, सिर्फ विगत माह में कैदियों की संख्या 66,307 हो गई;

(ग) क्या यह सही है कि मद्य निषेध कानून के तहत कैदियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताये कि राज्य के अधिकांश जेलों में क्षमता से काफी अधिक कैदियों को रखे जाने के लिए कौन जिम्मेवार हैं और सरकार इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

----

## सेवानिवृत्ति की उम्र 62 कबतक

*127 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार द्वारा राज्यकर्मियों की 60 वर्षों की सेवा करने के उपरांत सेवांत लाभ के रूप में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये का व्यय भार वहन करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के किसी सेवा / संवर्ग के कर्मियों की सेवानिवृत्ति उस सेवा / संवर्ग के शीर्ष पद के उपरांत होती है न कि मूल कोटि के पद / वेतनमान में;

(ग) क्या यह सही है कि देश के अन्य राज्यों, जैसे- तेलंगाना, केरल, आन्ध्र प्रदेश एवं मध्य प्रदेश आदि में कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति के उपरांत हो रहे अत्यधिक व्यय भार को देखते हुए राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्रसीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अनुदान कबतक

*128 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत हर प्रखंड में दो अर्थात् 1068 एंबुलेंस की खरीद की जानी है;

(ख) क्या यह सही है कि अबतक मात्र 576 एंबुलेंस की ही खरीद की गयी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त योजना में लाभुवकों को अनुदान नहीं मिलने के कारण लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की जा सकी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इच्छुक लाभुवकों को अनुदान देने में रुचि रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ठोस कार्रवाई कबतक

*129 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में लंबित आपराधिक मामलों के मुकाबले कांडों के निष्पादन में कई जिलों की पुलिस सुस्त है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो राज्य में लंबित मामलों के तेजी से निष्पादन हेतु सरकार क्या ठोस कार्रवाई करना चाहती है ?

----

## आवेदन का निष्पादन कबतक

*130 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 प्रभावी है;

(ख) क्या यह सही है कि पीडि़त लोगों द्वारा आवेदन दिये जा रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वर्णित कानून के तहत आये आवेदनों का निष्पादन किया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि अबतक कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितने लोगों के आवेदनों का निष्पादन किया गया, यदि हां कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्धार कबतक

*131 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत सुल्तानगंज विधान सभा के शाहकुंड प्रखंड के सजौर में जैखुरी एवं सुआखर में कोयला पोखर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों पोखर की गहराई काफी कम हो गई है जिससे जलधारण की क्षमता काफी घट गई है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त दोनों पोखर के जीर्णोद्धार हो जाने से सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई की जा सकती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पोखर का जीर्णोद्धार कराकर सैकड़ों किसानों को सिंचाई का लाभ दिलाने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जांच कब तक

*132 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प. चम्पारण अंतर्गत एक ही CDPO द्वारा ठकराहा, भितहा, बगहा-1 सिघाव, बगहा-2 के द्वारा केंद्र संचालन कराया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि ठकराहा, भितहा, बगहा-1, सिघाव, बगहा-2 की दूरी 105 किमी. होने के कारण केंद्र संचालित नहीं हो पाता;

(ग) क्या यह सही है कि CDPO पदाधिकारी 5-5 प्रखंड का कार्यभार ग्रहण किये हुए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार CDPO पदाधिकारी की उच्च स्तरीय जांच करायेगी, यदि हां तो कबतक ?

----

## जलाशय का निर्माण

***133 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिला के चैनपुर विधान सभा अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के ग्राम- चुवां, बजरडीहवां, मकरीखोह, पड़री, पतलोईयां, बमनी, धलगड़ा इत्यादि क्षेत्रों की कृषि भूमि के पटवन हेतु नहर नहीं होने के कारण वहां के किसानों की लाखों की फसल हरेक साल बर्बाद हो जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि भगवानपुर प्रखंड में सुअरा नदी पर अगर जलाशय का निर्माण कराया जाता है तो चैनपुर विधान सभा क्षेत्र की अधिकांश कृषि भूमि की सिंचाई की समस्या का समाधान हो सकता है जिससे कृषक काफी लाभान्वित हो सकते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैमूर जिले के चैनपुर विधान सभा अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड में स्थित सुअरा नदी पर यथाशीघ्र जलाशय का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## भूतलक्षी प्रभाव से बहाल कबतक

***134 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **श्रम संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कार्यालय आदेश सं.- 05, श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना, दिनांक:- 14.02.2014 के आलोक में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कुल 13 भोजशाला कर्मियों की स्थाई पद पर सेवा सम्पुष्ट की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि क्रमांक- 10 पर श्री राजू कुमार पैन्ट्री लिपिक एवं क्रमांक- 13 पर श्री प्रेम चन्द्र राम पैन्ट्री लिपिक की सेवा सम्पुष्ट की गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि क्रमांक- 10 पर श्री कुमार की सेवा सम्पुष्टि बिना कम्प्यूटर एवं अन्य परीक्षा उत्तीर्ण किए बरकरार है, जिसकी वजह से ए.सी.पी. एवं अन्य लाभ दे दिया गया जबकि श्री राम के कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण होने के बावजूद उनकी सेवा सम्पुष्टि ज्ञापांक सं.- 05/आर.एल. 40-32/2016 श्र.सं.- 97 दिनांक:- 11.01.2017 द्वारा

सेवा सम्पुष्टि प्रोन्नति मांगने के कारण निरस्त कर दी गई, जिसकी वजह से आज तक ए.सी.पी. एवं अन्य लाभ से वंचित हो गये;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्र. सं. 10 पर श्री राजकुमार के तर्ज पर श्री प्रेम चन्द्र राम की निरस्त की गई सेवा सम्पुष्टि को भूतलक्षी प्रभाव से बहाल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुलों का निर्माण

*135 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के मधुबनी प्रखंड में बांसी नदी पर सिसवा घाट पुल निर्माण एवं भितहा प्रखंड में झवठिया घाट पुल निर्माण जनहित में अति आवश्यक है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पुलों का निर्माण जनहित में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बस सेवा उपलब्ध कबतक

*136 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर-पटना के बीच सुबह एवं शाम में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ पर दोनों ओर से सुबह एवं शाम में बस चलाने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त व्यवस्था करने हेतु आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वेतन का भुगतान कबतक

***137 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम बस संचालन के लिए अनुबंध कंपनी के द्वारा बस ड्राइवर एवं कंडक्टर की बहाली एवं पारिश्रमिक भुगतान किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के बस ड्राइवर कमलेश झा का पिछले 2 महीने (सितम्बर, अक्टूबर- 2020) की पारिश्रमिक बकाया राशि लंबित है, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा उक्त राशि का भुगतान कॉन्ट्रैक्ट अनुबंध कंपनी को कर दिया गया परंतु अनुबंध कंपनी के द्वारा ड्राइवर को पारिश्रमिक भुगतान अभी तक नहीं किया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन ड्राइवर को पारिश्रमिक भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बांध का निर्माण

***138 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ए.एम.यू. किशनगंज सेंटर एवं किशनगंज पुलिस लाइन को महानन्दा नदी के कटाव एवं बाढ़ से बचाने हेतु निर्णाधीन बांध का कार्य तीन वर्षों से लंबित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लंबित बांध का निर्माण शीघ्र ही कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## योगदान को प्रमुखता

***139 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, समाज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि 1917-18 ई. में महात्मा गांधी के चम्पारण सत्याग्रह के दौरान महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक एवं अन्य जगहों से महिला कार्यकर्ताओं ने आकर

समाज कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण के कार्य किया था;

(ख) क्या यह सही है कि दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आने के बाद महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम बिहार में ही महिला कार्यकर्ताओं को समाज कल्याण से संबंधित कार्यों के लिए एक प्रयोग किया था;

(ग) क्या यह सही है कि इन महिला कार्यकर्ताओं संबंधित तथ्यों को प्रमुखता से उकेरने का कार्य अबतक नहीं किया गया है ताकि आज की पीढ़ी को इनसे प्रेरणा मिले;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बड़हरवा लखनसेन, भितिहरवा, मधुबन सहित उन सभी जगहों पर 'मेटल साईनेज' लगाकर इन महिला कार्यकर्ताओं के योगदान को प्रमुखता से उकेरना चाहती है ताकि आज की पीढ़ी उनसे संदेश प्राप्त कर सके ?

----

## फसल की बर्बादी

*140 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में घोड़परास (नीलगाय) की संख्या में सात गुणा की वृद्धि हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में घोड़परास (नीलगाय) की संख्या में वृद्धि होने से वे हर वर्ष 200 करोड़ रुपए की फसल चर जाते हैं, जिससे फसलों की भारी बर्बादी हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि घोड़परास (नीलगाय) की संख्या में वृद्धि होने से खेती पर संकट उत्पन्न हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घोड़परास (नीलगाय) से किसानों की फसल की बर्बादी रोकने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----